**दिनांक 18.02.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जमुई जिलांतर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड के मटिया, नजारी पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य के लिए प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-**

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री अमरजीत कुमार,**<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, मुंगेर। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **श्री दिवाकर कुमार,**<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, जमुई। | - | **सदस्य** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | जमुई जिलांतर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड के मटिया, नजारी पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹250.23129 लाख(संयुक्त सचिव, पंचायती राज विभाग का ज्ञापांक-53 दिनांक-25.10.2024)। |
| 3 | मॉडल तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹2,60,71,574/- (मु0अभि0 (द0) का पत्रांक-1041(द0) अनु0 दिनांक-05.06.2024)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि (मॉडल) | - | ₹ 2,43,43,312/- |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 5,15,86,868/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-020767(भ0)25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र मे दिनांक-03.01.2026 को प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 29.12.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 16.01.2026 / 20.01.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 01.02.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 02.02.2026 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | (1) शैलेन्द्र कुमार सिंह, जमुई (Reg. No.-1273, BSEIDCL, Bihar)।<br>(2) मे0 रंजिता कुमारी, जमुई (Reg. No.-1250067, Class-I, BCD, Bihar)।<br>(3) मे0 के0डी0डी0 इंजिकॉन प्रा0 लि0, पटना (Reg. No.-1230236, Class-I , RWD, Bihar)।<br>(4) माँ नेतुला हार्डवेयर, जमुई (Reg. No.-24-3510, Class-I , BSEIDCL, Bihar)।<br>(5) मे0 वैष्णवी कंसट्रक्सन, बक्सर (Reg. No.-1250090, Class-I, BCD, Bihar )।<br>(6) चन्द्रशेखर कंसट्रक्सन, उत्तर दिनाजपुर, पश्चिमी बंगाल, (Reg. No.-1260019, Class-I , BCD, Bihar)। |

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में Eproc 2 पर परिमाण-विपत्र अपलोड रहने की न्यूनतम अवधि से कम दिन तक अपलोड रहने के कारण निविदा को त्रुटिपूर्ण मानते हुए पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

E:/V/PSB.P./2026/docx 13

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

प्रथमबार आमंत्रित निविदा के नियम एवं शर्त्तो से भिन्न होने के कारण यह निविदा पुनर्निविदा की श्रेणी में नहीं आता है। अतः इस निविदा को त्रुटिपूर्ण निविदा मानते हुए पुनः निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार असफल होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**चतुर्थ बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 18.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जमुई द्वारा निविदा मे शामिल कुल छः निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा छः निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** शैलेन्द्र कुमार सिंह, जमुई (Reg. No.-1273, BSEIDCL, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 रंजिता कुमारी, जमुई (Reg. No.-1250067, Class-I, BCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा के शर्त्तो में मांगी गयी विद्युतीकरण कार्य के लिए सबकॉट्रैक्ट का लाईसेंस समर्पित किया गया है, जिसका अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के आलोक में इन्हें **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** मे0 के0डी0डी0 इंजिकॉन प्रा0 लि0, पटना (Reg. No.- 1230236, Class-I , RWD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** मॉ नेतुला हार्डवेयर, जमुई (Reg. No.-24-3510, Class-I , BSEIDCL, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा के शर्त्तो में मांगी गयी विद्युतीकरण कार्य के लिए सबकॉट्रैक्ट का लाईसेंस समर्पित किया गया है, जिसका अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के आलोक में इन्हें **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**पंचम निविदाकार** मे0 वैष्णवी कंसट्रक्सन, बक्सर (Reg. No.-1250090, Class-I, BCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**षष्ट्म निविदाकार** चन्द्रशेखर कंसट्रक्सन, उत्तर दिनाजपुर, पश्चिमी बंगाल, (Reg. No.-1260019, Class-I , BCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि उपलब्ध कराये गये अनुभव प्रमाण-पत्र में निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी Earth Work (1831.34 Cum) के विरूद्ध Earth Work (1576 Cum) पाया गया, जो मांगी गयी निविदा की शर्त्तो से कम है। अतः एस0बी0डी0 कंडिका-4.5A(c) के तहत तकनीकी बीड में इन्हें **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

इस प्रकार छः निविदाकार में से तीन निविदाकार को **"रिसपॉन्सिव"** एवं तीन निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

13 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) शैलेन्द्र कुमार सिंह, जमुई (Reg. No.-1273, BSEIDCL, Bihar) (2) मे0 के0डी0डी0 इंजिकॉन प्रा0 लि0, पटना (Reg. No.- 1230236, Class-I , RWD, Bihar) (3) मे0 वैष्णवी कंसट्रक्सन, बक्सर (Reg. No.-1250090, Class-I, BCD, Bihar) को **सफल** (4) मे0 रंजिता कुमारी, जमुई (Reg. No.-1250067, Class-I, BCD, Bihar) (5) मॉ नेतुला हार्डवेयर, जमुई (Reg. No.-24-3510, Class-I , BSEIDCL, Bihar) (6) चन्द्रशेखर कंसट्रक्सन, उत्तर दिनाजपुर, पश्चिमी बंगाल, (Reg. No.-1260019, Class-I , BCD, Bihar) को **असफल** घोषित किया गया, साथ हीं निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-24.02.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-
**(दिवाकर कुमार)**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, जमुई।

ह0/-
**(अमरजीत कुमार)**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, मुंगेर।

ह0/-
**(मनोज कुमार सिंह)**
मुख्य अभियंता (द0),
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0-02-07/2025.....5765.....

पटना/दिनांक.....18/02/26.....

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/02/26

मुख्य अभियंता (द0)।

18/02/26

E:/V/PSB.P./2026/docx 15